## सब्जी व अनाज उत्पादन से आत्मनिर्भर बनीं यशोदा

### सफलता की कहानी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड हर्रई के ग्राम बिछुआ की रहने वाली यशोदा डेहरिया की कहानी संघर्ष और आत्मनिर्भरता की मिसाल है। एक समय था जब उनका परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा था। उनके पति कोमल डेहरिया खेती-किसानी करते थे, लेकिन सीमित संसाधनों और पूंजी के अभाव में उनकी कृषि उपज से पर्याप्त लाभ नहीं हो पाता था। परिवार की आमदनी इतनी कम थी कि यशोदा दीदी अपने बच्चों की शिक्षा और घर के दैनिक खर्चों को पूरा करने में असमर्थ थी।

सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में उन्हें कोई सहायता नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में उन्होंने अपने हालात को बदलने की ठानी और मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित साईंराम आजीविका स्वसहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया।

**समूह से जुड़कर मिली राह**

17 सितंबर 2018 को यशोदा दीदी ने साईंराम आजीविका स्वसहायता समूह की सदस्यता ग्रहण की। समूह के माध्यम से उन्हें 3 लाख रुपये का बैंक लोन मिला, जिसमें से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 45,000/- रुपये का ऋण लेकर कृषि एवं सब्जी उत्पादन कार्य शुरू किया।

उन्होंने लहसुन, टमाटर, मिर्च और बैंगन जैसी फसलों की खेती प्रारंभ की और समय पर उन्नत बीज, खाद व उर्वरकों का उपयोग किया। धीरे-धीरे उनके कृषि कार्य ने गति पकड़ी और उन्हें अच्छी आमदनी होने लगी। इस वर्ष उन्होंने अपने परिवार के साथ मिलकर गेहूं, चना और धान की खेती भी की, जिससे उन्हें अधिक मुनाफा प्राप्त हुआ। उनकी उपज को विकासखंड हर्रई के विभिन्न ग्रामों में बेचा गया, जिससे उनकी मासिक आमदनी 18,000 से 20,000 रुपये तक पहुंच गई।

**आत्मनिर्भरता की ओर कदम**

कृषि कार्य से बढ़ी आमदनी ने यशोदा दीदी और उनके परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त किया। उन्होंने अपनी बचत से और अधिक कृषि भूमि खरीदी और अब प्रतिवर्ष 1 से 2 लाख रुपये की आमदनी प्राप्त कर रही हैं। अब उनके बच्चों की शिक्षा बाधित नहीं होती, घर की आर्थिक स्थिति पहले से कहीं बेहतर हो चुकी है और वे अपने परिवार की सभी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो गई हैं। लाड़ली बहना योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपने भविष्य को और भी सुरक्षित बना लिया है।

यशोदा दीदी कहती है कि आज मैं खुद को आत्मनिर्भर और सशक्त महसूस करती हूं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। वे मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और इससे जुड़े सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करती हैं जिन्होंने उन्हें यह अवसर दिया और उनकी तरक्की में सहायक बने। यशोदा दीदी की यह सफलता उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहती हैं।

## पालाचौरई व नजरपुर पंचायत क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** पालाचौरई एवं नजरपुर पंचायत क्षेत्र में एक आवारा श्वान नेआतंक मचा रखा है इस आवारा कुत्ते के द्वारा नजरपुर भवानी पुलिया के पास निवासरत एक बच्चा नीरज विश्वकर्मा जो की 8 जी क्लास की कोचिंग से वापस आ रहा था उसको हाथ पर व गाल मे काटकर लहुलूहान कर दिया जिसे इलाज के लिए चिकित्सालय पहुंचाया गया, वहीं ग्राम पंचायत पालचौरई की नागराज कॉलोनी डॉऊन में पुलिया के पास राधे साइकिल स्टोर के पास भी एक बच्चे को काटकर घायल कर दिया। ग्रामीण के द्वारा पंचायत के नुमाइंदे व प्रशासन से इस तरह के पागल आवारा श्वान को पड़कर ग्राम क्षेत्र से दूर हटाने की मांग की गई है।



### सार-समाचार

## सांसद के प्रयास से दूर होगी संबल पोर्टल की तकनीकी समस्या

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से संबल पोर्टल की तकनीकी समस्या का जल्द ही निराकरण होगा। सांसद श्री साहू ने पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप घाटोड़े के निवेदन पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल को पत्र लिखा था। उक्त पत्र के आधार पर श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर के द्वारा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के सचिव एवं मध्यप्रदेश असंगठित शहरी व ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के सचिव को पत्र प्रेषित करते हुए पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या को शीघ्र अतिशीघ्र ठीक करने के लिए निर्देशित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल पोर्टल मध्यप्रदेश कर्मकार कल्याण मंडल निर्माण श्रमिकों का पंजीयन पोर्टल एवं पेंशन योजनाओं के पोर्टल पर विगत कई दिनों से तकनीकी समस्याओं के चलते हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पा रहा था। जिसके आधार पर भाजपा जिलाध्यक्ष पांढुर्णा संदीप घाटोड़े ने सांसद बंटी विवेक साहू को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए पोर्टल की तकनीकी समस्या को ठीक करवाने के लिए चर्चा की थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने भी उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल को पत्र लिखा था। जिसके आधार पर मंत्री श्री पटेल ने श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर को पत्र प्रेषित कर उक्त समस्या का तत्काल हल निकालने के लिए कहा था। जिस पर कार्यवाही करते हुए श्रम आयुक्त इंदौर ने संबंधित दोनों विभागों को उक्त तकनीकी समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देश जारी कर दिये है। अब जल्द ही उक्त पोर्टल की समस्या का निराकरण हो सकेगा। जिसके बाद संबंधित हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ समय सीमा के भीतर मिलना प्रारंभ हो जायेगा।

## भाजपा ने शिलान्यास कार्यक्रम में किया आदिवासी सरपंच का अपमान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा की रीति व नीति में आदिवासियों का अपमान करना शामिल है इसके एक दो नहीं बल्कि अनेकों अनेक उदाहरण है। आदिवासी पर पेशाब करने से लेकर आदिवासियों की हत्या में भाजपा सरकार ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। हाल ही में अमरवाड़ा ब्लॉक के मरकावाड़ा में आदिवासी उप स्वास्थ्य केन्द्र के शिलान्यास में आदिवासी सरपंच का अपमान किया गया जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने जिला कलेक्टर से की है।

ग्राम पंचायत मरकावाड़ा सरपंच शंकर धुर्वे ने जिला कलेक्टर के नाम प्रस्तुत लिखित शिकायत में उल्लेख किया है कि गत 19 फरवरी 2025 को ग्राम मरकावाड़ा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास सांसद व अमरवाड़ा विधायक के द्वारा किया गया। आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में आदिवासी सरपंच को आमंत्रित भी नहीं किया गया ना ही शिलान्यास के पत्थर में उनका नाम ही लिखा गया है। उन्होंने भाजपा सरकार व भाजपा नेताओं की आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागर करते हुए कहा कि शिलान्यास के पत्थर पर ऐसे लोगों का नाम लिखा गया है जिनका मरकावाड़ा ग्राम से कोई वास्ता नहीं है, किन्तु आदिवासी सरपंच का नाम नहीं लिखना भाजपा के नेताओं की दूषित व भेदभाव की राजनीति की पोल खोल रही है जिसे जनता खुली आंखों से देख रही। श्री धुर्वे ने आवेदन के माध्यम से उक्त सम्पूर्ण घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग जिला कलेक्टर से की है।

## दादा धूनीवाले मंदिर से लेकर पावर हाउस तक स्ट्रीट लाइट लगाने मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हाल ही में सांसद विवेक बंटी साहू के निर्देश पर नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा दादाजी धूनीवाले मंदिर से लेकर पावर हाउस तक डामरीकरण सहित सड़क का निर्माण किया है लेकिन मंदिर से लेकर पावर हाऊस तक रात्रि में अंधेरा रहने के कारण असामाजिक तत्व शराब के नशे में विचरण करते पाऐं जाते है। महादेव मेला चल रहा है, आने वाले समय में श्री पातालेश्वरधाम मोक्षधाम में महादेव मेला भरेगा। ऐसी स्थिति में इस मार्ग में स्ट्रीट लाईट लगाना जनहित और धार्मिक हित में उचित होगा की मांग को लेकर गणमान्य नागरिको ने महापौर, आयुक्त नपानि से मांग की है।



## हम सब मिलकर वीर बादलभोई के आदर्शों को आत्मसात करें : अनुसुइया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 21फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ और मणिपुर राज्य की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके ने कहा कि वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की वीरता और देशभक्ति हमें यह सिखाती है कि अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के लिये संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। हम सब मिलकर उनके आदर्शों को आत्मसात करें और उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके आज श्री बादल भोई आदिवासी संग्रहालय छिंदवाड़ा में बादल भोई बलिदान दिवस पर सर्व आदिवासी समाज संगठन छिंदवाड़ा व्दारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं।


इस अवसर पर छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके, पांढुर्णा के विधायक निलेश उईके, पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, जिला पंचायत सदस्य पूनम किशोर उईके, अग्घनशाह उईके, बालाराम परतेती, पुरन परानी, अन्य जनप्रतिनिधि, सर्व आदिवासी समाज संगठन के पदाधिकारी व सदस्यगण और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आज यहां पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होना मेरे लिये एक भावुक और प्रेरणादायक अनुभव रहा। मुझे वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई के संघर्ष और बलिदान को समीप से जानने का अवसर मिला जिससे मुझे गहराई से प्रभावित किया। इस पवित्र स्थल पर आकर मैंने उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुये राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत महसूस किया। उन्होंने समाज के लिये बेहतर कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये।

## महाशिवरात्रि पर भूरा भगत में कतिया समाज का पांच दिवसीय भंडारा 22 से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कतिया समाज कल्याण संस्था जिला छिंदवाड़ा के द्वारा भगवान भोलेनाथ के आत्म प्रेमी भक्त संत शिरोमणि भूरा भगत महाराज की जन्म स्थल सांगाखेड़ा में महादेव की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनके ठहरने, सामान की देखभाल और सुबह शाम निः शुल्क भण्डारा कराया जावेगा।

उक्त जानकारी जिला कतिया समाज के सचिव मोहन बेलवंशी ने देते हुये बताया कि मेले आने वाले अधिक अधिक सभी भक्तगण सुविधाओं का लाभ लेकर पुण्य लाभ लें और कार्यक्रम में महिलाओं के लिए व्यवस्थाऐं की गई है।




## छिंदवाड़ा से चौरागढ़ तक उमड़ी भक्तों की भीड़, प्रशासन चौकन्ना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले से पचमढ़ी चौरागढ़ तक भक्तों की भीड़ उमढ रही है इसके चलते जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में प्रशासन सेवा चौकन्ना कर दिया है। महादेव मेले में प्रतिदिन महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से अन्य प्रदेशों से भक्तों की जुन्नारदेव पहली पायरी से लेकर चौरागढ़ तक भक्तों की कतार लगातार चल रही है। इस व्यवस्था के चलते जिले से चार एस.डी.ओ.पी., 6 टी.आई., 5 एस.आई. अधिकारी एवं 10 होमगार्ड, 42 एस.ए.एफ. जवान, 26 फॉरेस्ट गार्ड, अन्य 200 जवान तैनाती की है। ट्रैफिक पुलिस से एक डी.एस.पी., एक टी.आई. टीम सहित यातायात व्यवस्था देख रहे हैं महादेव मेला प्रभारी डी.एस.पी. राजेश बंजारे सह प्रभारी जितेंद्र जाट को बनाया गया है

स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो डॉक्टर टीम सहित भूरा भगत कैंप में सात बिस्तर अन्य दवाई लेकर स्वास्थ्य सेवा देख रहे हैं।

विद्युत विभाग की ओर से ठेकेदार प्रेम सिंह पिता तेजलाल कुशवाहा निवासी छिंदवाड़ा ने अंगूठी मिसाल कायम करते हुए मात्र 101 में पूरे मेले का ठेका लेकर सार्वजनिक फ्री बिजली सप्लाई कर रहे हैं जिससे उन्हें दो लाख रुपए का भुगतान करना पड़ेगा।

जंक्शन नांदिया जिला नर्मदा पुरम में भी महादेव मेला की भारी भीड़ को देखते हुए मेला प्रभारी एस.डी.ओ.पी. महेंद्र सिंह चौहान बनाया गया है।

मेले में पदस्थ टी.आई. राजपाल यादव ने बताया की तीन टी.आई. जनपद सी.ई.ओ. सुमन खातरकर, 4 सदस्य स्वास्थ्य विभाग से 60 पुलिस जवान ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच एवं पूरी टीम यातायात व्यवस्था पानी एवं सफाई व्यवस्था अपने-अपने ढंग से सभी कार्य कर रहे हैं भक्तों को रोकने की व्यवस्था गांव वालों ने होमस्टे बनाया हुआ है जिसमें यात्रियों से उचित किराया लिया जा रहा है सड़क चौड़ी ना होने के कारण जाम की परेशानी बढ़ रही है।

## सालीमेटा में साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाया एनएसएस स्वयंसेवकों ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माता कुंडलिनी निर्मला देवी के लिंगा के समीप स्थित आश्रम के पास सालीमेटा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की टीम पहुंचकर एक दिवसीय ट्रेकिंग कार्यक्रम किया जिसमें प्रो. रविन्द्र नाफड़े का मार्गदर्शन मिला और स्वयं सेवको ने सालीमेटा में पहुंचकर आनंद उठाया।

इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा दिनांक 21 फरवरी 2025 को शिव पर्वत सालीमेटा में एक दिवसीय सद्भावना ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया।

ट्रैकिंग कैंप संस्था प्राचार्य स्मृति हाबिल के मार्गदर्शन में एवं एन एस एस के जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े के नेतृत्व में एक दिवसीय ट्रैकिंग कैंप में भाग लेकर प्राकृतिक सौंदर्य का नजदीक से दर्शन कर स्वयंसेवकों द्वारा वन भोज का आनंद लिया।

इसके पश्चात ट्रैकिंग दल में शामिल कु. जेबा अंसारी, चंचेलेश वर्मा, अभिषेक प्रजापति, रूपेश झौड़े, रजनी परतेती, मोनिका सार्वे, राजा बनवारी, रोशनी इवंनाती, राधिका सार्वे, रवि बनवारी, मोनिका फरकारे ने सहभागिता करते हुए लगभग 4 किलोमीटर की जंगलों में ट्रैकिंग कर सहासिकता का परिचय देते हुए आत्मविश्वास को जागृत करते हुए वन भ्रमण कर प्रकृति का लुफ्त उठाया।

इसके पश्चात युवाओं द्वारा लिंगा स्थित माताजी निर्मला देवी के आश्रम का भ्रमण किया जहां युवाओं को अजीत सिंह गौतम, शेखर कराड़े, मंगेश भाई द्वारा सहज योग की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित सभी युवाओं को ध्यान करा कर जीवन में स्वस्थ रहने के माताजी निर्मला देवी के सहज योग के लिए प्रेरित करते हुए इसका महत्व बताया। ट्रैकिंग दल में सहभागी ट्रैक्टर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ट्रैकिंग दल की वरिष्ठ सदस्य कुमारी जेब अंसारी ने अपने अनुभव बताते हुए युवाओं के लिए इस प्रकार के साहसिक आयोजनों का स्वस्थ जीवन के लिए लाभ को बढ़ावा देने के लिए कहा जिससे युवा प्रकृति का आनंद लेने के साथ-साथ आध्यात्मिकता से जुड़े रहे और प्रकृति व ज्ञान के महत्व को समझ सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

बता दें कि डी.डी.सी. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई के द्वारा लगातार समय समय पर इस तरह के ट्रेकिंग का कार्य नवीनतम स्थानों पर करते आ रहे है जिससे एन.एस.एस. की टीम को नई जानकारियां भी मिलती रहती है।



## गैर संक्रामक रोगों की जांच कराएं, 20 फरवरी से 31 मार्च तक चलेगा जांच अभियान : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजनों के स्वास्थ्य पर विषेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संचालित आयुष्मान योजना में करोड़ो लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। अब देखा जा रहा है कि लगभग हर घर में शुगर, बीपी एवं कैंसर के मरीज मिल रहे है। जिसे देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा अनुकरणीय पहल की गई है। जिसके तहत अब स्वास्थ्य विभाग की तकनीकी टीम स्वास्थ्य केन्द्रों में एवं लोगों द्वारा घर-घर जाकर शुगर, बीपी एवं कैंसर की जांच की जायेगी।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपनी जांच कराये और जो टीम घर-घर आकर जांच करेगी उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराये। सांसद श्री साहू ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विशेष एनसीडी जांच अभियान शुरू की है, जिसके तहत 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की 100 प्रतिशत कवरेज करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। इस अभियान की मुख्य विशेषता यह है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी।

# जनता के सामने भाजपा को बेनकाब करें कार्यकर्ता : कांग्रेस

## कमलनाथ-नकुलनाथ के आगमन को लेकर पांढुर्णा में कांग्रेस की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पाण्ढुर्णा जिला बनने के बाद पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ पृथक से पाण्ढुर्णा जिला की कांग्रेस प्रभारी की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक होने जा रही है।

इस संबंध में बताया गया है कि म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों व संगठनात्मक विषयों को लेकर पांढुर्ना जिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक पांढुर्ना में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस व क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों के साथ ही कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठनों में पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहण करें। बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता के बीच भाजपा सरकार के द्वारा दी गई महंगाई, बेरोजगारी व बढ़ते हुए अपराध से आमजन को अवगत कराएं।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 28 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ का पांढुर्ना आगमन होने जा रहा है। उन्होंने जारी तैयारियों से उपस्थित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया साथ ही संगठन से जुड़े विषयो पर चर्चा की।

पांढुर्ना विधायक निलेश उइके ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वे संगठन से जुड़े कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के लिए पूरे समय उपलब्ध है।

पांढुर्ना में आज जो भी विकास नजर आ रहा है उसका श्रेय कमलनाथ एवं नकुलनाथ को जाता है। भाजपा के वादे और घोषणाएं कागजों में दफ्न हो चुकी है। विकास को विराम लग चुका है यह बात जनता तक पहुंचानी नितांत आवश्यक है।

आयोजित बैठक में विजय चौधरी, पूनाराम बाविस्टाले, विश्वास काम्बे, भगवत महाजन, नेहा जोगी, गुंजन शुक्ला, ज्ञानेश्वर गावंडे, मूसनलाल, लता तुमड़ाम, ज्ञानेश्वर गजभिये, राजेश सोमकुंवर, योगेश खोड़े व रवि खापरे सहित सौंसर, नांदनवाड़ी, बड़चिचोली, ब्लॉक, नगर के सभी अनुसांगिक संगठन, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# संत समागम आज निकालेगा सांई चरण पादुका यात्रा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सच्चिदानंद सेवा समिति विवेकानंद कालोनी, श्री शिर्डी सांई बाबा रजत महोत्सव का आयोजन श्री की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कर रही है। इसी क्रम में दिव्य सांई चरण पादुका यात्रा आयोजित की गई है।

सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया किए 23 फरवरी दिन रविवार को प्रात: 10 बजे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सीमा पर बनगाँव पांढुर्णा में सांई चरण पादुका का आगमन होगा, इस अवसर पर नानासाहब निमोणकर की चौथी पीढ़ी नंद कुमार निमोणकर, सुप्रसिद्ध विद्वान आचार्य प्रवीणनाथ पान्से महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलोनी एवं सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा पादुका यात्रा का स्वागत सीमा पर किया जायेगा।

## पांढुर्णा शहर में होगा यात्रा का भव्य स्वागत

यह यात्रा पांढुर्णा, सिवनी, राजना, महराखापा, पीपला, रिधोरा, घोघरा, जामसांवली मंदिर के सामने से बजाज जोड से सौंसर, रामाकोना, उमरानाला, लिंगा होती हुई संध्या 4.00 बजे विवेकानंद कालोनी छिंदवाडा में पूर्णता को प्राप्त होगी। छिंदवाडा एवं पांदुर्णा जिले के समस्त सांई भक्तों की ओर से सच्चिदानंद सेवा समिति ने विवेकानंद कालोनी स्थित श्री शिर्डी सांई मंदिर में पादुका दर्शन हेतु शाम 4.00 बजे से रात्रि 11.30 बजे तक सभी सांई भक्तों को पुण्य पादुकाओं के दर्शन कर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

### सार समाचार

## सफाई मित्रों की हड़ताल, परासिया क्षेत्र में लगे गदंगी के ढेर

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परासिया के सफाई कर्मियों की 2 दिन से चल रही हड़ताल के कारण वार्डो एवं मुख्य मार्गो से कचरा साफनहीं हुआ है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। जानकारी के



अनुसार सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले पंडाल लगाकर बैठे हुए हैं। हड़ताल में 108 सफाई कर्मचारी एवं उनके सहायक सभी शामिल है। जिसके कारण नगर में साफ सफाई की समस्या पैदा हो गई है।

## शराब की हाथ भट्टी को तोड़कर पांच सौ किलो महुआ लाहन किया नष्ट



**परासिया, देशबन्धु।** उमरेठ पुलिस ने गत शुक्रवार की शाम को मुजावर माल में नाले के किनारे अवैध रूप से झाड़ियां में छुपा कर रखा गया 500 किलो महुआ लाहन नष्ट किया एवं शराब बनाने की हाथ भट्टी को तोड़ दिया। थाना प्रभारी विजय राव माहोरे, सहायक उप निरीक्षक नितेश ठाकुर एवं प्रधान आरक्षक नारायण उइके ने यह कार्रवाही एस.डी.ओ.पी. जितेन्द्र सिंह जाट के निर्देशन में किया।

## रबी विपणन वर्ष 2025-26 समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि दस मार्च

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चना, मसूर और सरसों के समर्थन मूल्य पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे प्रदेश के किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। जिले में यह पंजीयन 10 मार्च 2025 तक किया जाएगा, जिससे किसान अपनी फसल को सरकारी दरों पर बेचने के लिए पंजीकृत कर सकते हैं।

## शासकीय महाविद्यालय हर्रई में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के निर्देशानुसार उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमेप) द्वारा शासकीय महाविद्यालय हर्रई में आज से 20 मार्च तक अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कला एवं कम्प्यूटर कौशल विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने देहात थाना और पुलिस कंट्रोल रूम का किया भ्रमण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शनिवार को देहात थाना और पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दम्यंती कटरे एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सह संयोजक डॉ. स्नेहा कुमारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने थाना और साइबर सेल का भ्रमण करते हुए कानूनी जानकारी प्राप्त की। देहात थाना प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत ने प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए थाने से जुड़ी जानकारी दी।

# जिले के सभी बूथों में सुनी जाएगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित किया जाता है। जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लम्बा ने बताया कि 23 फरवरी को सुबह 11 बजे प्रसारित होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अतिमहत्वपूर्ण मन की बात कार्यक्रम जिले के प्रत्येक बूथों पर सुना जाएगा।

लाम्बा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जिला भाजपा कार्यालय में, भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अगरिया बूथ क्रमांक 51 खिरकीघाट में, महापौर विक्रम अहाके छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 12 में, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे चौरई नगर के बूथ क्रमांक 181 में, पूर्व विधायक नत्थन शाह राखीकोल में, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना रोहनाकला में, चौधरी चंद्रभान सिंह चंदनगांव एमपीईबी कालोनी के बूथ क्रमांक 46 में, लखन वर्मा खमारपानी के बूथ में, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी बूथ क्रमांक 264 में, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर वार्ड नंबर 11 में, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला वार्ड क्रमांक 20 में, नगर मंडल अध्यक्ष लीला बिजौलिया वार्ड क्रमांक 46 में, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर वार्ड क्रमांक 34 में, दमुआ नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर दमुआ के बूथ क्रमांक 148 में, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमेश सालोडे नंदन में, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला जुन्नादेव नगर में, जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू नंदौरा में, जिला महामंत्री परमजीत सिंह बिज परासिया नगर के वार्ड क्रमांक 14 में, उत्तम ठाकुर अमरवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 8 में, चौरई नगर पालिका उपाध्यक्ष सिरपत नायक चौरई के बूथ क्रमांक 180 में, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल कबाड़िया में, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे वार्ड क्रमांक 25 में मन की बात सुनेंग।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. एक में विश्व चिंतन दिवस का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्काउट गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस के अवसर पर 22 फरवरी को प्रतिवर्ष विश्व चिंतन दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष विश्व चिंतन दिवस की थीम हमारी कहानी है इस अवसर पर पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक छिंदवाड़ा में स्काउट एवं गाइड अभियान से जुड़े हुए लगभग 200 बच्चन एवं 30 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चिंतन दिवस की आयोजन में सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर एवं अभियान से जुड़े हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लॉर्ड बेदेन पावेल और लेडी पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलंकर किया।

प्राचार्य श्री धारकर ने स्काउट गाइड अभियान से जुड़े हुए बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक अत्यंत ही उत्कृष्ट उद्देश्य के लिए कार्य कर रहे हैं, वास्तव में स्काउट गाइड अभियान हमारे अंदर सेवा की भावना का संचार करता है, स्काउट गाइड अभियान से जुड़े हुए सभी विद्यार्थी और शिक्षक बधाई की पात्र है।

चिंतन दिवस के आयोजन को सफल बनाने में दौलत राम नागवंशी, सतीश कुमार नाग, अंजू कुमरे, सोनू आशीष वर्मा, धनराज खरपूसे, विजेता देशमुख, इत्यादि शिक्षकों ने सराहनीय योगदान दिया। अंत में सभी बच्चों को कार्यक्रम समापन के बाद उनके क्लासों में भेजा गया।

## छह माह में सेवानिवृत्त होने वालों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त हो रहे लोक सेवकों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसके लिये आज जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल. मेश्राम, कनिष्ठ लेखाधिकारी अशोक कुमार कुलस्ते एवं पेंशन शाखा प्रभारी रमेश कुमार घोड़के द्वारा सभी आहरण-संवितरण अधिकारी (बी.ई.ओ.) तथा संबंधित लिपिक एवं संकुल के स्थापना लिपिक की बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में 31 दिसंबर 2024 के पूर्व एवं आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण के निराकरण से संबंधित वन-टू-वन समीक्षा की गई।

# स्काउट गाइड से बच्चे सीखते हैं स्वअनुशासन : बघेल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ छिन्दवाडा के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार लार्ड बेडेन पावेल जयंती एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती 22 फरवरी के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड छिंदवाड़ा द्वारा जिला संघ छिन्दवाडा द्वारा पुराना जिला शिक्षा अधिकारी स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिन्दवाड़ा में लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती को विचार दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट गोपाल सिंह बघेल, सहायक संचालक पी.एल. मेश्राम, भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, राज्य संघ उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे, जिला संघ उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, मनोज आरपुरे, बी.ई.ओ. छिन्दवाडा अशरफ अली, डी.ओ.सी. स्काउट नरेन्द्र कुमार शर्मा, ब्लाक संघ उपाध्यक्ष विधा केकतपुरे की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम उपस्थित पदाधिकारियों अधिकारियों को स्काउटिंग परम्परा अनुसार स्कार्फ बागल लगाकर स्वागत किया गया तद उपरान्त उपस्थित अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की छाया चित्र पर दीप प्रज्जलित कर पुष्प माला अर्पित किया गया उसके उपरांत बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल सिंह बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा की सभी दल के प्रभारी इस विचार दिवस पर प्रेरणा लेकर अपने अपने विद्यालयों में स्वा प्रेरणा से युवाओं के सर्वागिण विकास की योजना बनाये जिससे छात्र छात्राओं का सर्वागिण विकास किया जा सकें।

स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सभी को स्काउट गाइड के संथापक बेडेन पावेल की जयंती की शुभकामना देते हुए कहा की स्काउट गाइड सिखाता है विषम परिस्थितियों में धैर्यवान बनाना पर ये गुण हम सभी में स्काउट गाइड के जनक लार्ड वेडेन पावेल जी एवम लेडी वेडेन पावेल पदचिन्हों पर चल कर आए है।

सभी अनुशासित होकर सेवा भावी कार्यो से लगे है आज के अवसर पर आप सभी बधाई। राज्य उपाध्यक्ष तुकाराम दुर्गे ने स्काउट गाइड मुमेंट को एक आदर्शवादी एवम सर्वधर्म समभाव के रास्ते पर चलने बाला संगठन बताया।

कार्यक्रम में जिला सचिव राजेन्द्र सरवरे, राजेन्द कुमार सोनी जिला कोषाध्यक्ष, एस. के. मालवीय ब्लाक सचिव तामिया, मनीश जैन ब्लाक सचिव, नकुल खापरे ब्लाक सचिव छिन्दवाड़ा, साहेबराव बिलगडे ब्लाक सचिव बिछुआ, विरजा नंदनी शर्मा डी.टी.सी. गाइड ममता पटले संयुक्त सचिव, सुनिता माहोरे, उषा गाजरवार, गाइडर पाडुरंग बंसोड, विजय पाल सिंह मुन्हारिया, विजय मदान, अशोक पवार, दिलीप माकडे के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया गया।

कार्यक्रम में बालाजी पब्लिक स्कूल, पंडित नेहरू उमा विद्यालय, शासकीय एमएलबी कन्या उमा विद्यालय, निर्मला इग्लिश मीडियम स्कूल, विजडम पब्लिक स्कूल पतालेश्वर, शासकीय उमा विद्यालय सोनाखार, जगन्नाथ उमा विद्यालय छिन्दवाडा के स्काउट गाइड कुल 120 स्काउट गाइड एवं 20 स्काउटर गाइडर ने भाग लिया।

विचार दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड छात्र/छात्राओं के द्वारा बैसिक मित्रता एवं पोस्टर प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत रोवर रेजर, स्काउट गाइड के छात्र छात्राओ ने बढ़चढ़कर हिसा लिया साथ ही कार्यालय स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र उपस्थित थे।



# देलाखारी सीताडोंगरी के पास एक्सल टूटने से वाहन पलटा, एक की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देलाखारी से कामता साहू ने बताया है कि घोघले परिवार भूरा भगत से पूजा अर्चना कर पचमढ़ी चौरागढ़ निजी वाहन क्रमांक एम 31 सी पी 7694 से जा रहे थे तभी देलाखारी सीता डोंगरी के पास एक्सल टूटने के कारण पलट गई जिससे हरसल घोघले 39 वर्ष, प्रनाली घोघले 38 वर्ष, तुर्सीबाई खापरे 70 वर्ष, उमाशंकर घोघले 70 वर्ष, कविंद्र घोघ 09 वर्ष, सावित्रीबाई घोघले 50 वर्ष सभी को गंभीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल 100 डायल ने घटना स्तर पर पहुंचकर घायलों को तामिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया इसमें पायलट राहुल चौहान एवं प्रमोद ऊईके तथा आरक्षक नंबर 923 गंभीर अवस्था देखते हुए डॉक्टरों ने छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया रास्ते में ही सावित्रीबाई की मृत्यु हो गई है। यह परिवार इतवारी चाल मोहल्ला नागपुर से महादेव मेला आया हुआ था।

उल्लेखनीय है कि भूरा भगत मेले में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक दुर्घटनाऐं हो रही है। बीते दिनों एक वाहन पलटने से 6 लोग घायल हो गए थे लेकिन उन्हें मामूली चोटें आई थी। लेकिन पालाचौरई के पास वाहन ओवरटेकिंग करते समय बेगुनाह लोग जो इवनिंग वॉक में थे उन पर वाहन अनियंत्रित होकर चालक द्वारा दुर्घटना किए जाने के परिणाम स्वरूप तीन लोगों की मौत हो गई थी जिसमें एक वाहन में बैठा वृद्ध भी काल के गाल में समां गया था। यह घटनाऐं शराब पीकर वाहन चलाने के कारण होना बतायी जा रही है।

